**छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नम्बर एवं फैक्स नं. 0771–2972780

**ऑनलाइन आवेदन करने की विधि**

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR **सहायक रजिस्ट्रार (I.T.) एवं कम्प्यूटर प्रोग्रामर (HCRP18) भर्ती परीक्षा –2018 (छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर)** से एक पेज खुलेगा" जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें।

Please fill up all the mandatory fields carefully. No correction will be allowed , once the application has been submitted.
अभ्यर्थी प्रत्येक प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । आवेदन पत्र सबमिट (SUBMIT) हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार संभव नहीं है।

Please fill up the application form in ENGLISH only.
कृपया केवल अंग्रेजी में ही आवेदन पत्र भरें ।

After successfully submitting the application form Please keep a print out of it.
आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

क्या आप भारतीय नागरिक हैं ?, 0 हॉ 0 नहीं
("हॉ" की स्थिति में ही फार्म खुलेगा)

क्या आप छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी हैं ?, 0 हॉ 0 नहीं
("हॉ" एवं "नहीं" दोनों स्थिति में फार्म खुलेगा)

क्या आप विज्ञापित पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अर्हताएँ रखते हैं ?, 0 हॉ 0 नहीं
("हॉ" की स्थिति में ही फार्म खुलेगा)

**Exam Applied For (आवेदित पद) :–**

(अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एक या दोनों पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं)

☐ **सहायक रजिस्ट्रार (I.T.)**

☐ **कम्प्यूटर प्रोग्रामर**

**क्या आप विज्ञापित पद के लिये अपेक्षित कार्यानुभव रखते हैं ?** 0 हॉ 0 नहीं ।
("हॉ" की स्थिति में ही फार्म खुलेगा)

इसके पश्चात् अभ्यर्थी के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है (एक बार आवेदन पत्र जमा करने के बाद किसी भी प्रकार का कोई भी त्रुटि सुधार का आवेदन किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगा):–

1. बिन्दु क्रमांक 1 में Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में दसवीं/बारहवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार लिखें ।
2. बिन्दु क्रमांक 2 – Father/Mother/Husband –(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें । Name of Above –(पिता/माता/पति का नाम) में से संबंधित के नाम को उसके सामने में स्थित बॉक्स में केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें ।
3. बिन्दु क्रमांक 3 Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
4. बिन्दु क्रमांक 4 – Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
5. बिन्दु क्रमांक 5– Category (Caste) (श्रेणी) में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी हेतु जनरल/एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. (नॉन क्रीमीलेयर) जिससे आप सम्बंधित है, सेलेक्ट करें। छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी को ही श्रेणी (Category) की सुविधा मिलेगी ।
6. बिन्दु क्रमांक 6 – Person with Disability (PWD) में (विकलांग वर्ग) क्या आप विकलांग वर्ग संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें तद्नुसार निर्धारित शुल्क प्रदर्शित होगा।

